**Regarding unemployment problem due to absence of employment opportunities in Dadra and Nagar Haveli Parliamentary Constituency**

श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर **(**दादरा और नागर हवेली**) :** सभापति महोदया, संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली में सरकारी नौकरियों की भर्ती कई वर्षों से रुकी हुई है । प्रशासन द्वारा भर्ती की अधिसूचनाएं जारी की जाती हैं, लेकिन परीक्षाएं नहीं होती हैं, जिस कारण शिक्षित बेरोजगारों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है । युवाओं की उम्र की सीमा समाप्त हो रही है और उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है । ? (व्यवधान)

मेरे संसदीय क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से, कई विभागों में जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर पालिका, जिला पंचायत, वन एवं पीडब्ल्यूडी में विभिन्न नियमित पदों पर भर्तियाँ रुकी हुई हैं और जो भी भर्ती हो रही है, वह केवल कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर हो रही है । कई विभागों में कॉन्ट्रैक्ट पर भी काम कर रहे कर्मचारियों को पांच-पांच, छ:-छ: महीनों तक वेतन नहीं दिया जाता है । ? (व्यवधान)

सभापति महोदया, शिक्षा और स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ स्थानीय प्रशासनिक विभागों में भी एलडीसी और ऑपरेटर जैसे पदों पर पर्याप्त संख्या में भर्ती न होने से मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ रहा है । ? (व्यवधान)

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करती हूं कि इस विषय को गंभीरता से लिया जाए और सभी विभागों में नियमित सरकारी पदों को शीघ्र भरा जाए तथा कांट्रैक्ट सिस्टम को तुरंत बंद किया जाए । ? (व्यवधान)